# चित्रकूट-पुलिस

(1).

“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित “मिशन शक्ति अभियान-5”

“मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve

Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री लाखन सिंह के मार्गदर्शन में थाना राजापुर की पुलिस टीम द्वारा कुल 05 आरोपियों को जुला खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।
उ0नि0 श्री नरेन्द्र यादव थाना राजापुर व उनकी टीम द्वारा आरोपी अभियुक्त 1.पंकज सोनकर पुत्र पहलू सोनकर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी गोस्वामी नगर कस्बा व थाना राजापुर चित्रकूट 2.राज किशोर पुत्र राजपाल सोनकर उम्र करीब 30 वर्ष निवासी गोस्वामी नगर कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 3. सुरेश चन्द्र उर्फ बाबू जी पुत्र मोहन सोनकर उम्र करीब 42 वर्ष निवासी काशीनगर वार्ड न0 2 कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 4.सत्या सोनकर पुत्र फुक्कड सोनकर उम्र 25 वर्ष निवासी बढ़इन टोला कस्बा व थाना राजापुर जिला चित्रकूट 5.जितेन्द्र जग्गर पुत्र रघुराज उम्र करीब 20 वर्ष निवासी पराको थाना राजापुर चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से माल फड 6850/- रु0 व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से 2450/- रुपये बरामद किये गये।
गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.उ0नि0 श्री नरेन्द्र यादव
2.आरक्षी राघवेन्द्र पटेल
3.आरक्षी लवकुश यादव
4.आरक्षी पवन राजपूत

(3). पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी माह नवम्बर-2025 को यातायात माह के रूप में मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में आज दिनांक 03-11-2024 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग,पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अशोक जाटव,पूर्व सासंद श्री आरके पटेल,पूर्व सांसद श्री भैरोप्रसाद मिश्र द्वारा यातायात माह नवम्बर के शुभारम्भ में सम्मलित होकर बस स्टैण्ड कर्वी से यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर यातायात माह नवम्बर-2025 का शुभारम्भ किया गया।
जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा चित्रकूट इण्टर कालेज कर्वी,जे0एम0 पब्लिक इण्टर कालेज,गोपालदास निर्मला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज स्टेशन रोड कर्वी के बच्चो कों सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए यातायात का ब्रांड एम्बेस्डर बनाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।
1. दो-पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनना।
2. कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाना।
3. कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहनना ।
4. वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नही करना तथा कोई SMS नही भेजना व देखना ।
5. हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करना तथा अपने परिजनों से पालन करने हेतु बताना ।
6. सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहना ।
इस रैली में यातायात पुलिस के साथ-साथ स्कूली बच्चें एवं एनसीसी के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह रैली बस स्टैण्ड कर्वी से प्रारम्भ होकर धनुष चौराहा, पटेल तिराहा,एलआईसी तिराहा,भगवानदीन चौराहा,घुस मैदान,पुरानी

कोतवाली,कालीदेवी चौराहा होते हुए बस स्टैण्ड कर्वी पर जाकर समाप्त हुई। इस जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुये यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान कोआपरेटिव बैंक चित्रकूट बांदा अध्यक्ष श्री पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष श्री नरेंद्र गुप्ता,समाजसेवी संचालक श्री केशव शिवहरे, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा,निरीक्षक अपराध कोत0 कर्वी श्रीमती सविता श्रीवास्तव,यातायात प्रभारी श्री शैलेन्द्र सिंह, पीआरओं श्री प्रदीप पाल के साथ-साथ यातायात पुलिस एवं सम्भागीय परिवहन विभाग के अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे।